प्रेस नोट

दिनांक 16.01.2023

पुलिस थाना सदर कोतवाली जोधपुर पूर्व

- ➔ अज्ञात व्यक्ति ने अपना परिचित बता रुपये भेजने के नाम पर खाते से 42000 रुपये विड्रोल करवाये।
- ➔ पुलिस द्वारा तुरन्त कार्यवाही कर 31728 रुपये होल्ड करवाकर पुन रिफण्ड करवाये।।

साईबर क्राईम की बढती घटनाओ के मद्देनजर पुलिस आयुक्त महोदय जोधपुर श्री रविदत्त गौड , पुलिस उपायुक्त महोदया जोधपुर पूर्व डॉ. अमृता दुहन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री नाजीम अली, सहायक पुलिस आयुक्त वृत केन्द्रीय श्री लाभुराम के द्वारा बढते साईबर अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश प्राप्त हुए इसी क्रम मे परिवादी शिवप्रकाश के पास दिनांक 28.11.2022 को अज्ञात व्यक्ति का फोन आया उसने बताया कि मै आपका परिचित बोल रहा हुं, मै आपके खाते मे रुपये भेज रहा हुं । आप मुझे आपके फोन पर आये ओटीपी बताओ तो मैने विश्वास मे आकर ओटीपी दे दिये। मेरे द्वारा ओटीपी देते ही खाते से 42000 रुपये विड्रोल हो गये। अज्ञात व्यक्ति से सम्पर्क करने की कोशिश की मगर उसने अपना फोन बंद कर दिया। प्रार्थी द्वारा अपने साथ हुई धोखाधडी पर तुरन्त थाने पहुचा। प्रार्थी द्वारा थाना पर पेश रिपोर्ट पर मन् थानाधिकारी दिनेश लखावत निरीक्षक पुलिस के निर्देशन मे कानिस्टेबल ताराचंद 1924 को तुरन्त कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए । कानिस्टेबल ताराचंद द्वारा साईबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर जांच प्रारम्भ की गई । प्रार्थी के खाते का स्टेटमेन्ट चैक किया गया तो रुपये एयू बैंक के किसी खाते मे सेन्ड होना ज्ञात हुआ। एयू बैंक के नोडल अधिकारियो से सम्पर्क व ईमेल कर 31728 रुपये होल्ड करवा लिये। बैंक नोडल अधिकारियो से सम्पर्क करने से पूर्व ही अज्ञात व्यक्ति ने 10272 रुपये खाते से निकाल लिये जिसकी जांच की जा रही हैं।

कानिस्टेबल **ताराचन्द 1924** द्वारा मेहनत व लग्न से तुरन्त बैंक के नोडल अधिकारियो से सम्पर्क कर प्रार्थी के कुल 40000 रुपये मे 31728 रुपये होल्ड करवाकर पुन: रिफण्ड करवाये । प्रार्थी द्वारा पुलिस की तुरन्त कार्यवाही कर रुपये वापस रिफण्ड करवाने के लिए आभार व्यक्त किया ।

नोट – किसी भी अज्ञात व्यक्ति की बातो मे आकर अपने फोन पर आये ओटीपी किसी को न बताये अगर आपने ओटीपी बताया तो आर्थिक हानि हो सकती है।

साईबर क्राईम सबंधी धोखाधडी होने पर तुरन्त 1930 नम्बर पर कॉल करे।

एसडी/-

(दिनेश लखावत नि.पु.)
थानाधिकारी
पुलिस थाना सदर कोतवाली
जोधपुर पूर्व